प्रश्न -१) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए |

१) संवारना - सजाना
२) किसान - खेती करने वाला
३) हरषाना - प्रसन्न होना
४) सघन - घना
५) पुरवाई - पूरब की तरफ से चलने वाली हवा
६) शीतल - ठंडा
७) कलरव – पक्षियों की आवाज़
८) छाँव - छाया

प्रश्न -२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

क) शीतल - ठंडा

वाक्य – शीतल हवा चल रही है |

ख) छाँव – छाया

वाक्य – लड़के पेड़ की छाँव में बैठे हैं |

ग) सघन – घना

वाक्य – यह जंगल सघन है |

प्रश्न -३) खाली स्थान भरिए –

क) खग कलरव मधुमय रस घोलें |

ख) नदियों की निर्मलतम धारा |

ग) खेत जहाँ पर हरे – भरे हैं |

प्रश्न -४) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) सुबह - सुबह पूरब में क्या होता है?

उत्तर- सुबह-सुबह पूरब में लाली छा जाती है।

ख) पक्षियों को आवाज़ क्या करती है ?

उत्तर - पक्षियों की आवाज़ मधुमय रस घोलती है।

ग) नाव किससे लड़ती-भिड़ती है?

उत्तर- नाव धार से लड़ती -भिड़ती है।

घ) पुरवाई कैसी है?

उत्तर- पुरवाई शीतल और मतवाली होती है |

प्रश्न -५) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो – तीन वाक्यों में लिखिए –

क) किसान-जन क्यों हरषाते हैं ?

उत्तर- किसान-जन हरे-भरे खेतों को लहलहाते देखकर हरषाते हैं।

ख) नदी की धारा क्या संदेश देती है ?

उत्तर- नदी की धारा 'चलते रहना ही जीवन है' का संदेश देती है।

ग) नाव धार से क्यों लड़ती-भिड़ती है ?

उत्तर- नाव आगे बढ़ने के लिए धार से लड़ती - भिड़ती रहती है।

घ) प्रकृति गाँव का रूप कैसे संवारती है?

उत्तर- गाँव में सब जगह हरियाली होती है। बड़े-बड़े पेड़ों पर चिड़िया अपना मधुर राग सुनाती है और स्वच्छ जल से भरी नदियाँ बहती हैं। जो देखने में अत्यंत मनभावन लगता है |

व्याकरण पाठ – अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

- जो शब्द अनेक शब्दों की जगह पर प्रयोग किए जाते हैं , उन्हें अनेक शब्दों के लिए एक शब्द कहते हैं | जैसे -
  १) जो जूते सिलता है – मोची
  २) जो काम से जी चुराए – कामचोर
  ३) कविता इखने वाला – कवि
  ४) जो गाना गाता है – गायक
  ५) जो पहले न पढ़ा गया हो – अपठित
  ६) केवल फल खाने वाला – फलाहारी
  ७) जो आसान हो – सरल

८) जहाँ इलाज़ किया जाता है – अस्पताल